पंजाब केसरी
20-12-2025

कॉलेज में सॉलिड वेस्ट सेग्रीगेशन पर हुआ अवेयरनैस सैशन

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में सॉलिड वेस्ट सेग्रीगेशन पर अवेयरनैस सैशन में भाग लेते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में मैनेजमैंट डिपार्टमैंट एवं सोशियोलॉजी डिपार्टमैंट के संयुक्त तत्वावधान में सॉलिड वेस्ट सेग्रीगेशन विषय पर शुक्रवार को अवेयरनैस सैशन का आयोजन किया गया। यह प्रोग्राम कॉलेज कैंपस में एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग के समीप आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्टूडैंट्स एवं कॉलेज के सपोर्टिंग स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को सॉलिड वेस्ट मैनेजमैंट के महत्व से अवगत करवाना, कचरे के सही सेग्रीगेशन की हैबिट विकसित करना तथा कॉलेज कैंपस को क्लीन, ग्रीन एवं एनवायरनमैंट-फ्रैंडली बनाए रखने के लिए मोटिवेट करना रहा।

इस अवसर पर सह-प्राध्यापक बृजेश गुप्ता ने प्रोग्राम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की अवेयरनैस इनिशिएटिव्स विद्यार्थियों और स्टाफ में स्वच्छता के प्रति अवेयरनैस के साथ-साथ सोशल एवं एनवायरनमैंटल रिस्पॉन्सिबिलिटी की भावना को भी मजबूत करती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी पार्टिसिपैंट्स इस मैसेज को अपनी डेली लाइफ में भी अपनाएंगे। सैशन के दौरान वक्ताओं ने वेस्ट के उचित सेग्रीगेशन, विभिन्न रंगों के डस्टबिन के सही एवं इफैक्टिव यूज तथा क्लीन कैंपस बनाए रखने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने वेस्ट और ड्राई वेस्ट के सेग्रिगेशन को एनवायरनमैंट प्रोटैक्शन एवं स्वच्छता की दिशा में एक आवश्यक और प्रभावी स्टैप बताया।